सूर्योदय 5.56AM सूर्यास्त 6.50PM
चंद्रोदय 10.34AM चंद्रास्त 10.43PM
भाद्रपद-8 कृष्ण-4
सूर्य राशि : सिंह
तिथि: सप्तमी 3:39AM
नक्षत्र: भरणी 04:45PM
योग: ध्रुव 12:29AM
करण: विष्टि 04:30AM

वर्ष : 5 अंक: 321 मूल्य : 4 रू.
RNI No. -DELHIN/2019/78266
newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org
मदरलैण्ड वॉइस
रविवार, 25 अगस्त 2024
राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र
दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

सीरी में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन

प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की स्मृति में मनाया जाता है राष्ट्रीय खेल दिवस

» **मदरलैंड संवाददाता**

पिलानी। सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 28 और 29 अगस्त को विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारतीय खेल जगत के महानायक मेजर ध्यान चंद की स्मृति में किया जा रहा है, जिनकी खेल में अतुलनीय योगदान को राष्ट्रव्यापी सम्मान दिया जाता है। भारत सरकार की ‘खेलो इंडिया’ और ‘फिट इंडिया मूवमेंट’ जैसी महत्वपूर्ण पहलों को बढ़ावा देते हुए, भारत सरकार और सीएसआईआर मुख्यालय के अनुसार सीएसआईआर - सीरी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को खेलने के लिए प्रोत्साहित करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान कार्मिकों के लिए टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर), बास्केटबॉल, रिले रेस, फुटबॉल आदि खेल गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। खेल दिवस गतिविधियों का शुभारंभ सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया द्वारा फिटनेस शपथ दिलाकर किया जाएगा। समारोह का समापन 29 अगस्त को एक विशेष सम्मान समारोह के साथ होगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और खेल जगत में मेजर ध्यान चंद के योगदान के लिए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेल दिवस खेलों के महानायक मेजर ध्यान चंद की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। संस्थान में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम के सुचारु आयोजन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया गया है, जो विभिन्न खेल और फिटनेस गतिविधियों का प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे।